शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

सितम्बर 2022 के लिए मंत्रिमंडल का मासिक सार:

सितम्बर, 2022 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां

1. राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक पुरस्कार 2022 दो महिलाओं सहित 14 संकाय सदस्यों कोऔर एक अतिरिक्त पुरस्कारएआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थानों में से पीडब्ल्यूडी/दिव्यांग श्रेणी में प्रदान किया गया।माननीय शिक्षा राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, डॉ. सुभाष सरकार और डॉ. राजकुमार रंजन सिंह, द्वाराये पुरस्कार 06 सितंबर, 2022 को डॉ. बी.आर. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में प्रदान किए गए।

2. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'शिक्षक पर्व 2022' पर 5 से 9 सितंबर, 2022 तक राष्ट्रीय वेबिनार श्रृंखला का आयोजन किया गया।विशिष्ट शिक्षाविदों ने"मानव मूल्यों को विकसित करने में शिक्षकों की भूमिका,उच्च शिक्षा में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने में शिक्षकों की भूमिका,भारतीय ज्ञान प्रणाली को बढ़ावा देने में शिक्षकों की भूमिका,नवाचार और उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में शिक्षकों की भूमिका,उच्च तकनीक शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया जैसे मेटावर्स आदि में शिक्षकों की भूमिकासंबंधी विषयों पर चर्चा की।

3. शिक्षा और ज्ञान विभाग (एडीईके), अबू धाबी के साथ शिक्षा मंत्रालय और आईआईटी दिल्ली के अधिकारियों की उपस्थिति में 'अबू धाबी में प्रस्तावित आईआईटी परिसर की स्थापना' के संबंध में दिनांक 9-9-2022 को शास्त्री भवन, नई दिल्ली मेंएक प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक आयोजित की गई।

4. कौशल विश्वविद्यालयों के साथ चुनौतियों और सहयोगात्मक अवसरों पर चर्चा करने के लिए, 21 सितंबर, 2022 को माननीय शिक्षा मंत्री और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री की अध्यक्षता में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, यूजीसी, एआईसीटीई, एनसीवीईटी और भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस) के प्रमुखों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

5. उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग में सुधार संबंधी एक कार्यशाला 28 और 29 सितंबर 2022 कोआयोजित की गई जिसमें शीर्ष 100 संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

****